Order Sheet (subsequent)

सूमाबाई वगै. बनाम शाखा प्रबंधक वगै.

क्लेम प्रकरण संख्या : 33 / 2023

Date	Order with initials of Presiding Officer	Brief note of compliance of the order
06.04.2026	अधिवक्ता प्रार्थीगण श्री मनोज कुमार जैन उपस्थित। अप्रार्थी क्रम–1(बीमा कंपनी) के अधिवक्ता श्री अमित अरोड़ा व अप्रार्थी क्रम–2 व 3 के अधिवक्ता श्री रूपेन्द्र सिंह उपस्थित। अप्रार्थी क्रम–1 (बीमा कंपनी) की ओर से लिखित बहस पेश की गई, जिसकी नकल अधिवक्ता प्रार्थीगण को दिलाई गई। इस स्तर पर, अधिवक्ता अप्रार्थी क्रम–01 की ओर से प्रतिरक्षा किये जाने की अनुमति बाबत् प्रार्थना पत्र अंतर्गत धारा–170 एम.वी. एक्ट पेश किया। नकल अधिवक्ता प्रार्थीगण को दिलाई गई। जवाब पेश करना नहीं चाहते। उक्त प्रार्थना पत्र पर बहस सुनी गई। प्रार्थना पत्र में वर्णित आधारों एवं प्रार्थीगण की ओर से की गई प्रार्थना–पत्र पर अनापत्ति के दृष्टिगत अप्रार्थी क्रम–1 की ओर से प्रस्तुत प्रार्थना पत्र स्वीकार किया जाकर अप्रार्थी संख्या 1 को प्रतिरक्षा की अनुमति प्रदान की जाती है। आदेश सुनाया गया। अधिवक्ता अप्रार्थी क्रम–1 की ओर से पृथक से प्रार्थना–पत्र अंतर्गत आदेश 1 नियम 10 सीपीसी का प्रार्थना पत्र पेश किया गया, नकल अधिवक्ता प्रार्थीगण को दिलाई गई। जवाब पेश करने को अवसर चाहते है। पत्रावली वास्ते जवाब प्रार्थना पत्र दिनांक 08.04.2026 को पेश हो। 6.4.26 सत्यनारायण टेलर न्यायाधीश मोटर दुर्घटना दावा अधिकरण, बारां (राज.)	